

WHISPERS IN THE CORRIDORS .COM

डॉ. सुरेश मेहरोत्रा

नईदुनिया से विशेष अनुबंध के तहत

राजनीतिक, प्रशासनिक व कॉर्पोरेट जगत की खबरें

## राजनीतिक

- **दिल्ली चुनाव : पहली बार हिंदुत्व केंद्र में**

भाजपा से प्रेरणा लेते हुए आप के मुखिया अरविंद केजरीवाल भगवान राम और हनुमान के प्रति अपनी भक्ति पर जोर दे रहे हैं, हिंदू धार्मिक नेताओं से सक्रिय रूप से जुड़ रहे हैं और पुजारियों और ग्रंथियों (सिख धार्मिक नेताओं) के लिए कल्याणकारी योजनाएं शुरू कर रहे हैं। इसे राजनीति में एक साहसिक कदम माना जा रहा है। केजरीवाल के हिंदुत्व पर ध्यान केंद्रित करने पर भाजपा की ओर से तीखी प्रतिक्रिया आई है। पार्टी ने इस योजना की आलोचना करते हुए प्रेस कॉन्फ्रेंस की है और यहां तक कि दिल्ली के दिल कॉनॉट प्लेस में हनुमान मंदिर के बाहर विरोध प्रदर्शन भी किया है। हालांकि, आप का यह आक्रामक बदलाव इस उभरती हुई राजनीतिक दौड़ में केजरीवाल को आगे खड़ा करता दिख रहा है। एक आश्चर्यजनक मोड़ में, भाजपा ने इमामों की उपेक्षा के बारे में भी चिंता जताना शुरू कर दिया है, जो एक जटिल राजनीतिक रणनीति का संकेत है।

## प्रशासनिक

- **आईआरडीएआई प्रमुख का कार्यकाल मार्च में समाप्त हो रहा**

पूर्व वित्तीय सेवा सचिव देबाशीष पांडा (1987 बैच, यूपी कैडर) को आईआरडीएआई का चेयरमैन नियुक्त किया गया और उन्होंने 14 मार्च, 2022 को कार्यभार संभाला। बीमा नियामक के प्रमुख के रूप में उनका कार्यकाल तीन साल का था। अब उनका कार्यकाल मार्च 2025 में समाप्त हो रहा है।

- **देबाशीष पांडा का स्थान कौन लेगा**



सभी की निगाहें मौजूदा आईआरडीएआई प्रमुख देबाशीष पांडा के कार्यकाल समाप्त होने के बाद नए आईआरडीएआई प्रमुख की नियुक्ति पर टिकी हैं। इसके विपरीत, ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि सरकार उन्हें कार्यकाल विस्तार देने की पेशकश कर सकती है।

- **राजेश आर्य एनटीआरओ प्रमुख नियुक्त**



रॉ के अतिरिक्त सचिव राजेश आर्य को तकनीकी अनुसंधान संगठन (एनटीआरओ) का प्रमुख नियुक्त किया गया है। वह राजस्थान कैडर के 1994 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं।

- **सुहाग करेंगे प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना की देखरेख**

भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) में वर्तमान में उप निदेशक कानून नवदीप सुहाग को प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) के लिए महत्वपूर्ण कार्य सौंपा गया है। उन्हें नया कार्यभार संभालने के लिए कार्यमुक्त कर दिया गया है।

- **रेलवे में एक और जोन बनने की संभावना**

भारतीय रेलवे में एक और जोन बनने की संभावना है। यह विशाखापत्तनम स्थित मुख्यालय में दक्षिण तटीय रेलवे होगा।

- **रेलवे दो और डिवीजन बनाएगा**

भारतीय रेलवे दो और डिवीजन बनाने जा रहा है- उत्तर रेलवे में जम्मू और छत्तीसगढ़ में पूर्व तटीय रेलवे में रायगढ़ ।

- **सुश्री रूही खान मूल कैडर में वापस लौटीं**



स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में उप सचिव के पद पर कार्यरत सुश्री रूही खान को समय से पहले ही उनके मूल कैडर में वापस भेज दिया गया है। वह मध्य प्रदेश कैडर की 2013 बैच की आईएएस अधिकारी हैं।

- **2025 में 186 आईपीएस अधिकारी सेवानिवृत्त होंगे**

भारतीय पुलिस सेवा के विभिन्न संवर्गों और बैचों के 186 अधिकारी वर्ष 2025 में सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

- **कर्नाटक कैडर में 41 आईएएस अधिकारियों की कमी**

कर्नाटक कैडर में कुल 273 आईएएस अधिकारी कार्यरत हैं, जबकि कुल अधिकृत पद 314 हैं। कैडर में 41 आईएएस अधिकारियों की कमी है।

- **कर्नाटक कैडर में 31 आईपीएस अधिकारियों की कमी**

कर्नाटक कैडर में कुल 193 आईपीएस अधिकारी कार्यरत हैं, जबकि कुल अधिकृत संख्या 224 है। कैडर में 31 आईपीएस अधिकारियों की कमी है।

- **जोशी की लेटरल एंट्री पोस्टिंग का कार्यकाल बढ़ाया**

भारी उद्योग विभाग में उप सचिव के पद पर कार्यरत गौरव किशोर जोशी की लेटरल एंट्री पोस्टिंग का कार्यकाल 9 जनवरी, 2026 तक बढ़ा दिया गया है।

- **चंद्राणी गुप्ता प्रोजेक्ट्स इंडिया लिमिटेड की सीवीओ भी**

बीबीजे, कोलकाता की सीवीओ चंद्राणी गुप्ता को छह महीने की अवधि के लिए सीवीओ, इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्स इंडिया लिमिटेड (ईपीआईएल), दिल्ली का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वह 2007 बैच की आईईएस अधिकारी हैं।

- **मधु शर्मा का पद सीवीसी निदेशक के रूप में उन्नत**

केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) में उप सचिव के पद पर कार्यरत सुश्री मधु शर्मा को सीवीसी में निदेशक के पद पर पदोन्नत किया गया है। वह 2011 बैच की आईसीएएस अधिकारी हैं।

- **कपिल पाटीदार का पद आर्थिक मामलों के निदेशक के रूप में उन्नत**

भारतीय आर्थिक सेवा (आईईएस) के 2011 बैच के अधिकारी कपिल पाटीदार का पद आर्थिक मामलों के विभाग में निदेशक के रूप में उन्नत किया गया है।

- **नोकवी का पद आर्थिक मामलों के निदेशक के रूप में उन्नत**

सैयद जुबैर हुसैन नोकवी का पद आर्थिक मामलों के विभाग में निदेशक के रूप में उन्नत किया गया है। वह भारतीय आर्थिक सेवा (आईईएस) के 2011 बैच के अधिकारी हैं।

- **के.के. तिवारी का पद ईसीआई के निदेशक के रूप में अपग्रेड किया**

भारतीय निर्वाचन आयोग (ईसीआई) में उप सचिव कृष्ण कुमार तिवारी का पद निदेशक स्तर पर पदोन्नत किया गया है। वह 2011 बैच के भारतीय सांख्यिकी सेवा (आईएसएस) अधिकारी हैं।

- **विवेक शर्मा मप्र के नए परिवहन आयुक्त**

मध्य प्रदेश में परिवहन आयुक्त के पद पर विवेक शर्मा की नियुक्ति की गई है। वह एमपी कैडर के 1998 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं।

- **अपूर्व तिवारी जेसीआईटी-ओएसडी, दिल्ली हैं**

प्रतिनियुक्ति से लौटने पर प्रिंसिपल सीसीआईटी, दिल्ली के कार्यालय में संयुक्त आयुक्त आयकर-विशेष कार्य अधिकारी (जेसीआईटी-ओएसडी) के पद पर अपूर्व तिवारी को तैनात किया गया है।

# जनता की समस्याओं पर तत्काल हो कार्रवाई : मुख्यमंत्री

## योगी आदित्यनाथ ने सुनीं 150 लोगों की समस्याएं, निस्तारण के दिए निर्देश

गोरखपुर

**शुक्रवार को कड़ाके की ठंड के बावजूद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को नए साल के पहले जनता दर्शन में गोरखनाथ मंदिर पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान का भरोसा दिया। सबको आश्वस्त किया कि किसी के साथ नाइंसाफी नहीं होगी। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी कि हर पीड़ित की समस्या पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए।**



गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान शुक्रवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में करीब 150 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। प्रतिकूल मौसम को देखते हुए इस बार जनता दर्शन का आयोजन मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में किया गया। यहां कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक-एक फरियादी से मिले। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। यदि कोई किसी की भूमि पर जबरन कब्जा कर रहा हो तो उसे कानून सम्मत सबक सिखाया जाए।

**गोरखनाथ मंदिर की गोशाला में सीएम योगी ने की गोसेवा :** गोरखपुर प्रवास के दौरान गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की शुक्रवार सुबह दिनचर्या परंपरागत रही। उन्होंने प्रात:काल गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन किया और अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर जाकर मत्था टेका। सीएम योगी जब भी गोरखनाथ मंदिर में होते हैं तो गोसेवा उनकी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा रहती है। शुक्रवार सुबह भी वह मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए मंदिर की गोशाला में पहुंचे और वहां कुछ समय व्यतीत किया।

### रुद्राभिषेक कर सीएम योगी ने की राष्ट्र कल्याण की कामना

**गोरखपुर।** गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार प्रात: बेला में गोरखनाथ मंदिर में रुद्राभिषेक कर भगवान भोलेनाथ से राष्ट्र कल्याण और सभी नागरिकों के सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। पौष माह की शुक्ल पक्ष चतुर्थी (विनायक चतुर्थी) के मान में हुए रुद्राभिषेक अनुष्ठान की पूर्णता सीएम योगी ने हवन करके की।

गोरखनाथ मंदिर स्थित पीठाधीश्वर आवास के प्रथम तल पर शक्तिपीठ में सीएम योगी ने देवाधिदेव महादेव को विल्व पत्र, कमल पुष्प, दूर्वा, अनेकानेक पूजन सामग्री अर्पित करने कर बाद दूध, दही, घी, शर्करा और कई तीर्थ स्थलों के पवित्र जल से रुद्राभिषेक किया। मठ के विद्वत पुरोहितगण ने शुक्ल यजुर्वेद संहिता के रुद्राष्टाध्यायी के महामंत्रों द्वारा रुद्राभिषेक का अनुष्ठान पूर्ण कराया। रुद्राभिषेक के बाद मुख्यमंत्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन किया।

## सर्द हवाओं और कोहरे ने रोकी जीवन की रफ्तार, सूर्य की किरणों पर गलन भारी

वाराणसी।

**सर्द हवाओं और घने कोहरे ने वाराणसी सहित आसपास के जनपदों में जीवन की रफ्तार को रोक दिया है। पहाड़ों पर चल रही बर्फीली हवाओं के चलते न्यूनतम तापमान भी गिर रहा है।**

इसके चलते लोगों को गर्म कपड़ा पहनने के बावजूद गलन हाड़ कंपा रही है। सर्द हवाओं और घने कोहरे के कारण शुक्रवार को सुबह 09 बजे तक सड़कों पर वाहनों का आवागमन अपेक्षाकृत कम दिखा। पूर्वांह 9.30 बजे के आसपास भगवान सूर्य ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। लेकिन सर्द हवाओं और गलन सूर्य की रश्मियों पर भारी रही। बर्फीली हवाओं ने धूप निकलने के बावजूद लोगों को घरों में दुबकने पर मजबूर कर दिया । लोग जरूरी काम से ही घर से बाहर निकल रहे हैं।

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार फिलहाल वाराणसी में बारिश की कोई उम्मीद नहीं है। अगले दो दिनों तक सर्दी यूं ही जारी रहने की उम्मीद जताई गई है। दोपहर 12 बजे तक वाराणसी में अधिकतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस,न्यूनतम 09 डिग्री सेल्सियस, आद्रता 62 फीसदी,हवा की रफ्तार 08 किमी प्रतिघंटा दर्ज की गई। बीते गुरूवार को वाराणसी में न्यूनतम पारा 5.5 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया था। जो पिछले 11 साल में दो जनवरी को सबसे कम तापमान बताया गया। अधिकतम तापमान भी औसत से कम 15.8 रहा।

बीएचयू के मौसम विशेषज्ञों के अनुसार पहाड़ों पर हो रही लगातार बर्फबारी और हवाओं से हवा में लगातार नमी बढ़ रही है। दो दिन बाद पश्चिमी विक्षोभ् के सक्रिय होते ही गलन और बढ़ेगी। शहर में शाम आठ बजते—बजते कोहरा छाने लग रहा है। रात 11 बजे के बाद सुबह सात बजे तक दृश्यता 10 मीटर से भी कम हो रही है।

## उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता : ब्रजेश पाठक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश के बढ़ते कदम विश्व पटल पर अमिट छाप छोड़ रहे हैं। नव वर्ष के पावन अवसर पर संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजी आईएमएस) को NAAC (राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद) द्वारा घोषित परिणामों में A++ ग्रेड प्राप्त हुआ है। यह हम सभी के सम्मिलित प्रयासों का परिणाम है। ब्रजेश पाठक ने इस उपलब्धि के लिए संस्थान के सभी चिकित्सकों एवं कर्मचारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में यह प्रतिष्ठित संस्थान और अधिक ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।

## सांस्कृतिक नगरी का रूप लेगा महाकुम्भ, 43 दिनों तक शीर्ष कलाकार देंगे विभिन्न भाषाओं में प्रस्तुति : पर्यटन मंत्री

लखनऊ।

**उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने पत्रकार वार्ता में कहा कि महाकुम्भ 13 जनवरी से 26 फरवरी तक प्रयागराज में देशभर के कलाकारों का संगम होगा। महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं के मनोरंजन के लिए विविध विधाओं के शीर्ष कलाकार 43 दिन तक अपनी-अपनी भाषाओं में प्रस्तुती देंगे।**

इसके लिए पद्मश्री, पद्म विभूषण एवं ख्याति प्राप्त कलाकारों को आमंत्रित किया गया है। मेला अवधि के दौरान महाकुम्भ सांस्कृतिक नगरी का रूप ले लेगा। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि महाकुम्भ में आने वाले पर्यटक एवं श्रद्धालु भव्यता, दिव्यता एवं अलौकिकता का अनुभव कर सकें, इसके लिए तमाम सुविधाओं को सुलभ उपलब्ध कराया जा रहा है। महाकुम्भ-2025 में आस्था की डुबकी लगाने के लिए देश के केन्द्रीय नेताओं एवं प्रदेश एवं संघ क्षेत्रों के राज्यपाल, ख्यमंत्रियों तथा एलजी को भी आमंत्रित किया गया है। विभिन्न देशों के राजदूतों को भी इसमें अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए अनुरोध किया गया है। पर्यटन विभाग की तैयारियों के बारे में पर्यटन मंत्री ने कहा कि यह भारतीय आस्था के स्पंदन का प्रतीक होगा। राज्य सरकार का प्रयास है कि महाकुम्भ से जो भी श्रद्धालु लौटकर जाये, वह एक सुखद अनुभूति लेकर जाए। विश्व के सनातन संस्कृति को मानने वाले लगभग पचास करोड़ श्रद्धालुओं के इस महाकुम्भ में आने की संभावना है। श्रद्धालुओं को ठहरने, आने जाने में कोई कठिनाई न हो। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए धार्मिक त्रिकोण काशी, अयोध्या एवं प्रयागराज को जोड़कर भ्रमण के लिए तैयार किया गया है। पर्यटन निगम इसके लिए विभिन्न पैकेज के द्वारा सुविधायें भी सुलभ करायेगा।

नववर्ष की बधाई देते हुए जयवीर सिंह ने अपील करते हुए कहा कि सनातन संस्कृति को उचाई पर ले जाने के लिए महाकुम्भ-2025 की ब्राण्डिग एवं मार्केटिंग किया जाये। महाकुम्भ-2025 से संबंधी समस्त जानकारियों के लिए वेबसाइट एवं ऐप बनाया गया है। महाकुम्भ में पांच लाख कारों के लिए पार्किंग तथा घाटों की लम्बाई आठ किलोमीटर से बढ़ाकर 12 किलोमीटर की गयी है।


**In The Court of XX Addiytonal Metor Accident Claims Tribunal District Court, Bhopal**
**Presiding Officer: पंकज कुमार जैन**
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)
(MACC/0001870/2022)
विधि चेदकलकर **वादी** VS पवन .......**प्रतिवादी**
Process ID-/2024 **पेशी दि.** 27/01/2025

**प्रेषिती**- 1. पवन पिता बाबूलाल पता मकान नं. 138 फलावर सिटी बागमुगालिया भोपाल 2. नासिर खान पिता मुनव्वर खान पता जन्नत मार्ग ब्यावरा राजगढ़ म.प्र. यह कि प्रार्थी विधि चंदेलकर ने आपके विरुद्ध आवेदन अंतर्गत धारा 166 मोटरयान अधिनियम के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिए उपसंजात हाजिर होने के लिए सम्मन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिए गए हो और जो इस वाद में संबंधित संभी सारवान कथनो का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजरराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाले सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा अपनी अनुपस्थिति में किया जावेगा। साथ ही यह सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक है तो पीठासीन अधिकारी को अवगत कराये। यह आज तारीख 27 दिसंबर 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है। कृपया ध्यान दें-यदि किसी कारण वस उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जाएगा।

**पंकज कुमार जैन, न्यायाधीश**
**बीसवें जिला न्यायाधीश भोपाल म.प्र.**
3077

**नाम परिवर्तन सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं चितरंजन दास पवार पिता श्री महादेव राव पवार निवासी बी. एम. 68, राजीव नगर भोपाल। मैं TRO विभाग पश्चिम मध्य रेल्वे में लोको पायलट गुड्स के पद पर कार्यरत हूं। मेरी सर्विस पुस्तिका में मेरा नाम चितरंजन दास पवार है जबकि मेरे सभी दस्तावेजों में मेरा नाम चितरंजन पवार है जो सभी दस्तावेजों में अंकित है अत: मुझे चितरंजन पवार नाम से ही जाना पहचाना जायें।
**पता-चितरंजन पवार,**
**पिता श्री महादेव राव पवार,**
**बी.एम 68, राजीव नगर, भोपाल,**
**मो. 9752417021**

**जाहिर सूचना**
सर्वसाधारण को ज्ञात हो कि मेरे पूर्व की अंकसूची में मेरा नाम मोहित कुमार शर्मा पिता हरीश शर्मा अंकित है। जो कि मेरे वर्तमान में सभी पहचान पत्रों में मेरा नाम मोहित शर्मा पिता हरीश शर्मा अंकित है। अत: भविष्य में भी मुझे इसी नाम से पहचाना जावे।
**मोहित शर्मा**
**बड़वाह, खरगोन**
**मो. 9617316631**

3078 AG

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रीवा (म.प्र.)**
क्र. 4734/न.पा.नि./राजस्व /2024-25 रीवा, दिनांक 24/12/2024
**अचल सम्पत्ति नामान्तरण विज्ञप्ति**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सुरुचि कॉम्पलेक्स (खन्ना चौराहा) जो नगर पालिक निगम रीवा के स्वामित्व में है, में निर्मित दुकान क्रमांक 13 (भूतल) श्री कैलाश कुमार विद्वानी पिता श्री प्रकाशचंद्र विद्वानी को 35 माह के लिये किराये पर आवंटित है, जिसका नामान्तरण श्री गुलाब कुमार विद्वानी पिता प्रकाशचंन्द्र विद्वानी निवासी वार्ड नं. 31 तरहटी रीवा (म.प्र.) के नाम किये जाने हेतु दिनांक 22-11-2024 को आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त दुकान क्रमांक 13 (भूतल) के नामान्तरण में किसी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो समाचार पत्रों में इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के 15 दिवस की अवधि तक कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा में प्रमाणित अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात कोई आवेदन/आपत्ति न तो ग्रहण की जावेगी और न ही मान्य की जावेगी। तत्पश्चात आवेदक श्री कैलाश कुमार विद्वानी के आवेदन अनुसार उक्त दुकान क्रमांक 13 (भूतल) का नामांतरण श्री गुलाब कुमार विद्वानी पिता प्रकाश चंद्र विद्वानी निवासी वार्ड नं. 31 तरहटी रीवा (म.प्र.) के नाम करने की कार्यवाही की जावेगी।
**उपायुक्त (राजस्व) नगर पालिक निगम रीवा, (म.प्र.)**

**कार्यालय जनपद पंचायत भीकनगांव, जिला खरगोन (म.प्र.)**
क्रमांक/7482/ निर्माण / निविदा / 2025 भीकनगांव, दिनांक 01/01/2025
**निविदा आमंत्रण सूचना**
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि जनपद पंचायत भीकनगांव में नवीन रूप से प्लास्टर, फर्श, खिड़की दरवाजे एवं रंगाई पुताई तथा मंदिर के पास पेवर ब्लाक व किचन शेड का निर्माण किया जाना है। इस हेतु निम्नानुसार निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | स्वीकृत कार्य का नाम | स्थान | तकनीकी स्वीकृति क्रमांक व दिनांक | स्वीकृत लागत राशि | मद का नाम | धरोहर राशि | कार्यपूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नवीन रूप से प्लास्टर, फर्श, खिड़की दरवाजे एवं रंगाई पुताई तथा मंदिर के पास पेवर ब्लाक व किचन-1 शेड | कार्यालय जनपद पंचायत भीकनगांव | 3150/27.12. 2024 | 8.02 लाख | 5 वां वित्त | 80000 | अधिकतम 1 माह |

निविदा प्रकाशन दिनांक से एक सप्ताह में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। निविदा की शेष शर्ते कार्यालयीन समय में कार्यालय में देखी जा सकती है।
**मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भीकनगांव**

**कार्यालय संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो. वि.मं., प्रक्षेत्र-1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल**
**आम सूचना**
हाउसिंग बोर्ड, धनवंतरी परिसर, हास्पिटल काम्पलेक्स, ई-7 शाहपुरा, भोपाल (म.प्र.) में स्थित फ्लेट क्रमांक एच.आई.जी./सी-7, तृतीय तल मण्डल द्वारा श्री विजय आनंद जोशी आत्मज स्व. श्री आर. पी. जोशी के नाम से नामांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय-विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 04/09/2001 को पंजीकृत है। श्री विजय आनंद जोशी आत्मज स्व. श्री आर. पी. जोशी द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती मथुरा अहिरवार पत्नी श्री राम गोपाल अहिरवार को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख का पंजीयन पंजीयक कार्यालय में दिनांक 21/11/2024 को निष्पादित करा दिया है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र विक्रय विलेख की छायाप्रति, प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्रीमती मथुरा अहिरवार पत्नी श्री राम गोपाल अहिरवार के नाम से हस्तांतरित करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति का हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/संस्था/वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा ।
**सम्पदा अधिकारी**
**म प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1, भोपाल**
3076

**कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल**
क्र. 7393/राजस्व/भोविप्रा/25
भोपाल, दिनांक 01/01/2025
**आम सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की पुरानी विधान सभा के सामने योजना में दुकान क्र.-16, श्री सतीश शुक्ला आ. श्री श्याम लाल शुक्ला के नाम पर अंकित है। श्री सतीश शुक्ला के द्वारा इंडियन बैंक हमीदिया रोड़ शाखा भोपाल से ऋण प्राप्त करने हेतु दिनांक 15/05/2019 को ऋण लेने हेतु एन.ओ.सी. जारी किया गया था। श्री सतीश शुक्ला के द्वारा इंडियन बैंक हमीदिया रोड़ शाखा भोपाल का ऋण राशि का भुगतान नहीं करने के कारण बैंक के द्वारा उक्त दुकान को नीलामी कर श्री जय प्रकाश आ. श्री बाबूलाल को दिनांक 17/12/2024 को पंजीयन कार्यालय में पंजीकृत करा दिया गया। श्री जय प्रकाश आ. श्री बाबूलाल द्वारा आवेदन पत्र पंजीकृत विक्रय पत्र, एवं बैंक द्वारा प्राप्त दस्तावेज संलग्न कर उक्त दुकान क्र.-16, पुरानी विधान सभा के सामने को अपने नाम पर नामांतरण करने की मांग की गई है। यदि उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/ उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अन्दर लिखित एवं साक्ष्य /दस्तावेजों के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति /दावा प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि के पश्चात कोई भी दावा /आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।
**राजस्व अधिकारी**
**भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल**
3075


## आपका राशिफल 04 जनवरी

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ): मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-1-3-5

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा। शुभांक-3-6-9

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक 5 6 7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-3-5-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंग। शुभांक-3-5-7

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा गोष्ठियों में मान सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा शुभांक-2-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी। शुभांक-2-4-6

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-3-6-9

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-4-6-8

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी। शुभांक-3-6-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी। शुभांक 3 6 8

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगें। सुख-आनंद कारक समय है। शुभांक-2-4-6